"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001"

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002"

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 25] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 24 जून 2005—आषाढ़ 3, शक 1927

भाग 3 (1)

विविध

निविदा सूचनाएं

बिलासपुर, दिनांक 25 मई 2005

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 05/त.शा./का.अ./लो.स्वा./2005-2006.— मुहरबंद एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र "एफ" (LUMP SUM) नीचे उल्लेखित जल आवर्धन जल प्रदाय योजना के लिये सम्पवेल के कार्य हेतु "TURN KEY JOB" के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के निर्धारित अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है. निविदाओं का तकनीकी प्रस्ताव नियत तिथि अर्थात् दिनांक 15-06-2005 अपरान्ह 3.00 बजे निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा.

निविदा के वित्तीय प्रस्ताव खोलने की तिथि तथा स्थान की सूचना तकनीकी प्रस्ताव खोलने के उपरांत दी जावेगी.

समय सारणी निम्नलिखित है (केवल बिलासपुर खंड में)

(1) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि : 13-06-2005 (कार्यालयीन अवधि)

(2) कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 14-06-2005 (कार्यालयीन अवधि)

(3) निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 15-06-2005 (अपरान्ह 3 बजे तक)

(4) निविदा खोलने की अंतिम तिथि (केवल तकनीकी प्रस्ताव) : 15-06-2005 (अपरान्ह 3.30 बजे तक)

कार्य का विवरण

निम्नलिखित नगरीय जल आवर्धन/जल प्रदाय योजना के लिये Construction of R.C.C. SUMP WELL in flow measuring channel arrangements for disinfection of water etc. providing installation of pipes $ specials complate with testing etc. (Including Design and Drawing)

Gr. No.	कार्य स्थल का विवरण	सम्पवेल की क्षमता	अनुमानित लागत (रु. लाखों में)	धरोहर की राशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रुपये)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु छोड़कर)	ठेकेदारों को श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
A.	बोदरी-चकरभाठा जल आवर्धन योजना के तहत ZONE-I में एक नग सम्पवेल का निर्माण (विकास खंड बिल्हा)	50. K. L. (किलो लीटर)	3.00 लाख	3000/-	750/-	3 माह	"ए" 1/एम 1 एवं ऊपर

निविदा की अन्य शर्तें

1. (अ) निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र उपरोक्त समय सारिणी के अनुसार प्राप्त किये जावेंगे. कोरे निविदा प्रपत्र एवं संबंधित अभिलेख अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाने पर 50/- अतिरिक्त शुल्क समूहवार जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं. परन्तु डाक द्वारा विलंब से प्राप्त होने की दशा में विभाग उत्तरदायी नहीं होगा. निविदा प्रपत्र प्रदाय हेतु आवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किया जावे, एवं उसके पास निम्नलिखित जानकारियां अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जावें.

2. नवीन आयकर प्रमाण पत्र एवं छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्यकर पंजीकृत प्रमाण पत्र.

3. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छ. ग. राज्य में पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र.

4. निविदा कार्यों के समरूप पूर्ण किये गये एवं अन्य प्रगतिशील कार्यों की सूची जिसमें कार्य के अनुबंध की राशि, कार्यादेश का संदर्भ, कार्य पूर्ण करने की वास्तविक दिनांक एवं कार्य की वर्तमान स्थिति का उल्लेख होना चाहिये.

5. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया निविदा में उल्लेखित क्षमता के अनुरूप या उससे अधिक क्षमता का भूस्तरीय R.C.C. SUMP WELL/R.C.C. Over Head Service Reservevoir के निर्माण कार्य के संतोषजनक संपादन का प्रमाण पत्र जो कार्यपालन अभियंता के स्तर से नीचे का अधिकारी न हो.

6. सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण करने हेतु उपलब्ध उपकरण एवं संयंत्रों की सूची.

7. निविदा प्रपत्र सिर्फ R.C.C. टंकी निर्माण की पंजीकृत ठेकेदारों को ही प्रदाय किये जावेंगे.

अन्य प्रमुख शर्तें

1. एकमुश्त निविदा दर समस्त कार्य एवं अधिभार जो कार्य संपादन के समय प्रभावी हो, सहित होना चाहिये.

2. कार्य हेतु ठेकेदार को I.S.I मार्क की O.P.C. सीमेंट I.S./269/75 पूर्ण संशोधित, स्वयं क्रय कर लगाना होगा, साथ ही सीमेंट का Testing प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा.

3. ठेकेदार को कार्य में स्टील स्वयं लगाना होगा, एवं Steel Testing प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा.

4. विलंब से प्राप्त निविदा अथवा निर्धारित स्वरूप में धरोहर की राशि प्राप्त न होने पर प्रस्तुत निविदा बिना खोले ही निविदादाता को वापस कर दी जावेगी.

5. किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभाग के सक्षम अधिकारी को होगा.

6. निविदाओं की वैधता निविदा खुलने की दिनांक से 180 दिनों तक होगी.

7. कार्य स्थल पर कार्य की देखरेख के लिये एक स्नातक अनुभवी अभियंता तैनात रहेगा.

8. समस्त विवादों का निपटारा "सक्षम न्यायालय" में बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जावेगा.

9. उक्त निविदा छ. ग. शासन के बेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tenders पर देखी जा सकती है, जिसे E-MAIL के माध्यम से Pramarao @ c. g.in. के जरिये प्राप्त किया जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 28 मई 2005

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 08/त.शा./का.य./लो.स्वा./2005-2006.— छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से बिलासपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों में 125/115 मिमी व्यास के नलकूपों का केलिक्स ड्रिलिंग रिंग/मैकेनिकल रोटरी रिंग द्वारा खनन एवं उससे संबंधित कार्यों हेतु अलग-अलग मुहरबंद निविदायें प्रपत्र 'अ' (प्रतिशत दर पर) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (छ. ग.) में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शाये समय सारिणी एवं विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है. कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के नलकूप खनन की Unified Schedule of rates for Construction of Tube wells and alied works with effect from 17-05-2002 जो इस विभाग में दिनांक 1-10-2004 से प्रभावशील तथा निविदा जारी होने की तिथि तक पूर्ण संशोधित लागू होगा.

1.0 **समय सारणी :—(निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं प्रस्तुत करने का विवरण निम्नानुसार है.)**

1.1	निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु कार्यपालन अभियंता लो. स्वा. यां. खंड बिलासपुर के कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि.	:	14-6-2005 (कार्यालयीन अवधि)
1.2	खंड कार्यालय से कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	:	16-6-2005 (सायं 4.00 बजे तक)
1.3	निविदा प्रपत्र एवं अमानत की राशि अलग लिफाफे में जमा करने का स्थान कार्यपालन अभियंता लोक स्वा. यां. वि. खंड कार्यालय बिलासपुर (छ. ग.) में अंतिम तिथि रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से.	:	20-6-2005 (कार्यालयीन अवधि)
1.4	खंड कार्यालय में निविदा खोलने की अंतिम तिथि	:	21-6-2005 (प्रात: 11.30 बजे से)

कार्य का विवरण निम्नानुसार है

बिलासपुर जिले के विभिन्न विकास खंडों में 125/115 मिमी. व्यास के 60 मी. गहरे नलकूपों का खनन केवल केलिक्स ड्रिलिंग रिंग के द्वारा कड़े पत्थर एवं धसकने वाले स्ट्रेटा अथवा एवं असमान स्ट्रेटा अथवा परत दर परत भिन्ना युक्त में नलकूप का खनन हैण्डपंप स्थापना एवं यूनीसेफ टाईप डिजाईन के अनुसार प्लेटफार्म निर्माण कार्य आदि. (संलग्न शेडयूल के अनुसार)

समूह क्र. (1)	विकास खंड (2)	नलकूपों की संख्या (3)	अनुमानित लागत रु. लाखों में (4)	धरोहर की राशि रु. (5)	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. (6)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु को छोड़कर) (7)	निविदाकार की श्रेणी (8)
1.	बिल्हा	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
2.	बिल्हा	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
3.	मुंगेली	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
4.	मुंगेली	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
5.	मुंगेली	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
6.	मुंगेली	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
7.	मुंगेली	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
8.	मुंगेली	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
9.	लोरमी	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
10.	लोरमी	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
11.	लोरमी	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
12.	लोरमी	05	1.70	2000/-	300/-	3 माह	सी श्रेणी एवं ऊपर.
13.	बिल्हा (बिलासपुर नगर आंगन बाड़ी)	07	2.38	2380/-	750/-	4 माह	बी श्रेणी एवं ऊपर.
14.	बिल्हा (बिलासपुर नगर आंगन बाड़ी)	07	2.38	2380/-	750/-	4 माह	बी श्रेणी एवं ऊपर.

टीप :- 1. निविदा की समस्त शर्तें मुख्य निविदा का हिस्सा होंगी एवं अनुबंध का हिस्सा बनेगा. निविदा से संबंधित पूर्ण विवरण एवं शर्तें निविदाकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि (शासकीय अवकाश को छोड़कर) प्राप्त की जा सकती है. निविदाकार निविदा दर प्रस्तुत करने के पूर्ण कार्य स्थल से अवश्य अवगत हो लेवें. कार्यादेश जारी होने की दिनांक से 3 दिन के अंदर निविदाकार को मशीन कार्य स्थल में लगाना होगा अन्यथा कार्यादेश /अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा.

2. निविदा प्रपत्र केलिक्स मशीन के लिये पंजीकृत ठेकेदारों को ही प्रदाय किये जावेंगे.

सामान्य शर्तें

1. निविदा में उल्लेखित ग्राम/बसाहट अपरिवर्तनशील है. निविदाकारों से अनुरोध है कि निविदा प्रस्तुत करने से पहले ग्राम/बसाहटों का सर्वेक्षण कर सुनिश्चित कर लेवें कि उनके पास उपलब्ध मशीन के द्वारा नलकूप खनन किया जाना संभव है कार्य स्थल तक मशीन पहुंचाने हेतु निविदाकार को स्वयं के व्यय से पहुंच मार्ग का निर्माण करना पड़ेगा.

2. केसिंग पाईप की ढुलाई एवं नलकूप में उतारने के कार्य व चबूतरा (प्लेट फार्म) जाली, सोकेज पिट इत्यादि निर्माण होने के उपरान्त नियमानुसार भुगतान किया जावेगा.

3. नलकूप निर्माण सफल नलकूपों पर हैण्डपंप स्थापना व प्लेटफार्म निर्माण के पश्चात् ही भुगतान आवंटन/साख पत्र उपलब्ध होने पर किया जावेगा.

4. सफल नलकूपों के लिये ढक्कन की मोटाई मजबूत होना चाहिये जो कि 7.5 मिली. से कम न हो तथा आधी लंबाई में चुढीयों के साथ 6 मिली. के नटबोल्ट होना चाहिये.

5. केसिंग पाइप हैण्डपंप सेट एवं साइजर पाईप ठेकेदार को स्वयं क्रय कर कार्य में लगाना होगा. प्रदाय की जाने वाली सामग्री D.G.S. $ D./S.G.S./RITES' द्वारा संबंधित आई. एस. कोड के अनुसार निरीक्षित एवं सत्यापित होनी चाहिये. केसिंग पाईप हैण्डपंप सेट राइजर पाईप के भुगतान में निविदा प्रतिशत देय नहीं होगा.

6. कार्य में लगने वाले सीमेंट ठेकेदार को स्वयं क्रय कर कार्य में लगाना होगा. सीमेंट का प्रदाय आई. एस. आई. ओ. पी. सी. सीमेंट I.S.A. 269/75 उन संशोधित लगाना होगा. साथ ही टेस्ट प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा.

7. निविदा प्रपत्र हेतु दिये जाने वाले आवेदन के साथ निविदाकार को संबंधित श्रेणी तथा आयकर क्लीयरेंस सर्टिफिकेट तथा इस प्रकार के कार्यों से संबंधित प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां अभिप्रमाणित कर संलग्न करनी होगी.

8. उचित अमानत राशि शासन द्वारा स्वीकृत प्रतिभूति के रूप में कार्यपालन अभियंता लोक स्वा. यां. बिलासपुर के नाम से बनवा कर अलग लिफाफे में जमा करना आवश्यक है. बिना अमानत राशि की निविदा स्वीकार्य नहीं की जावेगी. अमानत राशि बैंक गारंटी के रूप में नहीं ली जावेगी.

9. निविदा को बिना पूर्व सूचना एवं कारण बताये स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा.

10. निविदा दर पर वैधता निविदा खुलने की दिनांक से 120 दिन तक वैध रहेगी.

11. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मंगाये जाने पर डाक शुल्क रु. 50 प्रति समूह अलग-अलग आवेदन के साथ जमा करना होगा समय पर निविदा प्रपत्र न मिलने की स्थिति में विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

12. जिस निविदाकार की निविदा दरें स्वीकृत की जावेंगी सूचना देने की दिनांक से 3 दिन के अंदर वांछित प्रारूप में करार निष्पादित करना होगा. अन्यथा राशि राजसात कर निविदा निरस्त मानी जायेगी.

13. कार्यादेश तिथि से 3 दिन के अंदर कार्य स्थल पर वांछित मशीन लगाना अनिवार्य है अन्यथा कार्यादेश निरस्त माना जावेगा.

14. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी.

15. ठेकेदार द्वारा सामान्यत: नलकूप खनन कार्य 60 मीटर गहराई तक किया जावे परन्तु पर्याप्त जल आवक क्षमता प्राप्त न होने पर 60 मीटर से अधिक गहराई तक नलकूप खनन कार्यपालन अभियंता/अधीक्षण अभियंता द्वारा लिखित अनुमति दिये जाने पर ही कराया जावेगा.

16. संबंधित ड्रिलिंग ठेकेदार ड्रिलिंग समाप्त होने तथा नलकूप के सफल होने पर नलकूप के पानी की फिजिकल तथा केमिकल जांच हेतु पानी का सेम्पल लोक स्वा. यांत्रिकी विभाग की प्रयोगशाला तक दायित्व स्वयं के व्यय पर ठेकेदार का होगा साथ ही निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्रयोगशाला को एवं कार्यालय में ठेकेदार को देना होगा.

17. प्रत्येक नये निर्मित जल स्रोतों के पानी की गुणवत्ता की जांच करना अनिवार्य है. पानी की गुणवत्ता की जांच प्लेटफार्म निर्माण एवं हैण्डपंप स्थापना के बाद ही पूरे कार्य का भुगतान नियमानुसार किया जावेगा.

18. समस्त विवादों का निपटारा सक्षम न्यायालय में बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जावेगा.

19. निविदा सूचना छ. ग. के वेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tender में उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार उक्त विज्ञप्ति e-mail के माध्यम से Pramarao @ c. g.nic से प्राप्त कर सकते हैं.

20. आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा कम/अधिक की जा सकती है.

21. जमीनी सतह से न्यूनतम 9.00 मीटर गहराई तक केसिंग पाईप लोवरिंग करना अनिवार्य है.

बिलासपुर, दिनांक 28 मई 2005

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 09/त.शा./का.यं./लो.स्वा./2005-2006.— मुहरबंद एकल समूहवार एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र 'एफ' में नीचे उल्लेखित नल जल प्रदाय योजना के कार्य हेतु टर्न की जाब के आधार पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 08-07-2005 को अपरान्ह 3.00 बजे तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, (छ.ग.) के निर्धारित अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

निविदा के तकनीकी प्रस्ताव निम्न तिथि अर्थात् दिनांक 08-07-2005 अपरान्ह 3.30 बजे निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे. निविदा के वित्तीय प्रस्ताव खोलने की तिथि तथा स्थान की सूचना तकनीकी प्रस्ताव खोलने के बाद दी जावेगी.

कार्य का नाम

निम्नलिखित ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत आर. सी. सी. उच्च स्तरीय जलागार का डिजाईन, निर्माण, परीक्षण व स्थापित करना (सभी पाईप स्पेशल तथा फिटिंग आदि के प्रदाय तथा स्थापना सहित).

ग्रु. क्र.	कार्य स्थल का विवरण	ठेके की संभावित राशि रु. लाखों में	धरोहर की राशि रु.	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु छोड़कर)	ठेकेदारों की श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	ग्राम घुरु विकास खंड तखतपुर की नल जल योजना के अन्तर्गत टंकी निर्माण का कार्य, टंकी की क्षमता 75 किलो लीटर, टंकी की ऊंचाई 12 मीटर.	6.00	5000/-	750/-	4 माह	A-1/S-1 एवं उससे ऊपर.

शर्तें

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 06-07-2005 तक (कार्यालयीन अवधि) में प्राप्त किये जावेंगे. कोरे निविदा प्रपत्र एवं संबंधित अभिलेख अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में दिनांक 07-07-2005 तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगवाने पर रुपये 50/-अतिरिक्त शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है, परंतु डाक से विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

निविदा प्रपत्र प्रदाय हेतु आवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किया जावें, एवं उसके साथ निम्नलिखित जानकारियां अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जावें.

1. नवीन आयकर प्रमाण पत्र एवं छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्यिककर पंजीयन प्रमाण पत्र.
2. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र.
3. निविदा कार्य का समरूप पूर्ण किये गये कार्य एवं अन्य प्रगतिशील कार्यों की सूची जिसमें कार्य का स्थान, अनुबंध की राशि, कार्यादेश का संदर्भ, कार्य पूर्ण करने की अवधि, कार्य पूर्ण करने की वास्तविक अवधि एवं कार्य की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करना होगा.
4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया 125 के. एल. अथवा उससे अधिक क्षमता का उच्च स्तरीय आर. सी. सी. जलागार के निर्माण कार्य के संतोषप्रद संपादन का प्रमाण पत्र जो कार्यपालन अभियंता, के स्तर से नीचे का अधिकारी न हो.
5. सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण करने हेतु उपलब्ध उपकरण एवं संयंत्रों की सूची.

अन्य शर्तें

1. एकमुश्त निविदा दर समस्त कर एवं अधिभार जो कार्य संपादन के समय प्रभावी हो सहित होना चाहिये.
2. कार्य हेतु ठेकेदार को आई. एस. आई. मार्क की आवश्यक ओ. पी. सी. सीमेंट आई ए. 269-1975 की स्वयं लगाना होगा. साथ ही टेस्ट प्रमाण पत्र ठेकेदार को प्रस्तुत करना होगा.
3. विलंब से प्राप्त निविदा अथवा निर्धारित स्वरूप में धरोहर राशि प्राप्त न होने पर प्रस्तुत निविदा बिना खोले ही निविदादाता को वापस कर दी जावेगी.
4. किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभाग के सक्षम अधिकारी को होगा.
5. निविदाकार को वर्तमान में प्रगतिरत टंकी के कार्य का विवरण जैसे स्थान, विभाग, क्षमता, स्टेजिंग एवं लागत का उल्लेख कर विवरण देना होगा.
6. जिस निविदाकार ने निविदा दिया है, तथा उनकी दर न्यूनतम एवं विचाराधीन है, इसके अन्तर्गत स्थान, क्षमता, स्टेजिंग एवं लागत का पूर्ण उल्लेख होना चाहिये.
7. यदि किसी तथ्य को छुपाया जावेगा तो निविदाकार से नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी.
8. निविदाकार को न्यूनतम 125 किलो लीटर या उससे अधिकतम क्षमता की उच्च स्तरीय आर. सी. सी. टंकी सफलतापूर्वक निर्माण का अनुभव (प्रमाण पत्र) प्रस्तुत किया जाना होगा एवं प्रमाणीकरण कार्यपालन अभियंता, के स्तर अथवा उससे ऊपर के वरिष्ठ अधिकारी का होना चाहिये.
9. टंकी का एलीवेशन विभाग से स्वीकृत करना होगा.

10. समस्त विवादों का निपटारा सक्षम न्यायालय में बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जावेगा.

11. निविदा सूचना छ. ग. के बेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tender में उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार उक्त विज्ञप्ति e-mail के माध्यम से Pramarao @ e. g.nic से प्राप्त कर सकते हैं.

12. निविदा दरों की वैधता खुलने की दिनांक से 120 दिनों तक मान्य होगी.

बिलासपुर, दिनांक 28 मई 2005

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक-10/त.शा./का.अ./लो.स्वा./2005-2006.— मुहरबंद एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र "अ" में निम्नलिखित आवर्धन जल योजना के तहत निम्नलिखित सिविल कार्य हेतु "प्रतिशत दर के आधार" पर निविदा प्रपत्र "अ" में छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा प्रस्तुत करने की समय सारिणी के अनुसार केवल छ. ग. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

निविदा उसी दिन निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे.

निविदा की समय सारिणी (केवल बिलासपुर खंड में)

1. कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : 06-07-2005 (कार्यालयीन अवधि)
2. कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि एवं समय : 07-07-2005 (कार्यालयीन अवधि)
3. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि : 08-07-2005 (अपरान्ह 3 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 08-07-2005 (अपरान्ह 3.30 बजे तक)

समूह क्रमांक	योजना का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाखों में)	धरोहर की राशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रुपये)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु छोड़कर)	ठेकेदारों की श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	तखतपुर जल आवर्धन योजना के तहत दो नग आई. टाइप क्वाटर का निर्माण (टाईप डिजाईन के आधार पर) 4 नग ब्रिक मेसनरी पंप गृहों का निर्माण 3मी×3मी×3मी (टाईप डिजाईन के आधार) एवं ग्राम बेलसरी के पास निर्मित आर. सी. सी. टंकी के चारों तरफ बाऊंड्री वाल का निर्माण. (तीनों कार्यों के अलग-अलग जी. शेड्यूल के अनुसार)	5.05	5000/-	750/-	3 माह	A-I/S-I एवं ऊपर

निविदा की अन्य शर्तें

1. निविदा की अन्य शर्तें मुख्य निविदा एवं संक्षिप्त निविदा सूचना के अनुसार होगी. निविदा की अन्य जानकारी एवं विस्तृत विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

2. निविदा प्रपत्र एवं अन्य संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र का मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रुपये 50/- (पचास रु. मात्र) डाक शुल्क देना होगा. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र खो जाने अथवा समय पर प्राप्त न होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

3. यह निविदा विज्ञप्ति संबंधित निविदा का अंग है. विस्तृत निविदा सूचना एवं संबंधित प्रपत्रों की सारी शर्तें एवं नियमों के साथ इसके शर्तें भी लागू होंगे.

4. निविदा दरों की वैधता खुलने की दिनांक से 120 दिनों तक मान्य होगी.

5. कार्य की प्रवृत्ति के अनुसार निम्नलिखित दर सूची इस निविदा में लागू होगी.

सिविल कार्य :—

(अ) प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़क) भोपाल की नई दर सूची दिनांक 1-1-2000 से इस विभाग में लागू की गई है. उपरोक्त दर सूची निविदा जारी होने की दिनांक से समस्त संशोधन सहित लागू होगी.

6. कार्य में लगने वाला सीमेंट ठेकेदार को स्वयं क्रय कर कार्य में लगाना होगा. सीमेंट का प्रदाय ISI मार्क OPC सीमेंट IS: A269/75 पूर्ण संशोधित लगाना होगा, साथ ही Test प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा.

7. कार्य में लगने वाला स्टील ठेकेदार को लगाना होगा एवं स्टील का Testing प्रमाण पत्र समय-समय पर प्रस्तुत करना होगा.

8. आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा कम/अधिक की जा सकती है.

9. सक्षम अधिकारी को निविदा स्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा.

10. निविदा प्रपत्र प्रदाय हेतु आवेदन के साथ निम्नलिखित जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जावें.

(Attested copy)

(1) नवीन आयकर प्रमाण पत्र/छ. ग. शासन का वाणिज्यकर पंजीयन प्रमाण पत्र.
(2) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र.
(3) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के निष्पादन प्रमाण पत्र के साथ संतोषजनक रूप से पूर्ण किये गये समान प्रकार के कार्यों की सूची, कार्य अनुबंधवार छ. ग. शासन के बिक्री पर पंजीकृत प्रमाण पत्र तथा कार्य का नाम मंडल/विभाग का नाम, कार्य की मात्रा, प्रगति में कार्य की स्थिति तथा टिप्पणियों के साथ कार्यों की सूची संलग्न करना होगा. सफलतापूर्वक कार्य के संपादन हेतु उपलब्ध उपकरण/संयंत्रों की पूरी सूची.

11. समस्त विवादों का निपटारा "सक्षम न्यायालय" में बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जावेगा.

12. निविदा सूचना छ. ग. शासन के बेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tenders में उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार/फर्म उक्त विज्ञप्ति E-MAIL के माध्यम से Pramarao @ e. g.nic प्राप्त कर सकते हैं.

हस्ता./-
कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वा.यां.खंड, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी, लोक न्यास सूरजपुर, सरगुजा (छ.ग.)

प्रारूप-(5)
[नियम 5 (1) देखिए]

[छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 5 की उपधारा (2) तथा छत्तीसगढ़ लोक न्यास नियम, 1962 का नियम 5 का उपनियम (1) देखिए]

लोक न्यास के पंजीयक अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर के समक्ष

विविध प्र. क्र. /बी 121/04-05.— क्योंकि मुझे प्रतीत होता है कि अनुसूची में विनिदिष्ट सम्पत्ति छ. ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 2 की उपधारा (4) के अभिप्राय के लिये लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अत: मैं अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास, सूरजपुर का लोक न्यासों का पंजीयन अपने न्यायालय में दिनांक 24-05-2005 को उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के द्वारा यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूं.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन मेरे समक्ष प्रस्तुत करना और मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक अथवा अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार के लिये ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची
(लोक न्यास का नाम, पता और संपत्ति का वर्णन)

(1) लोक न्यास का नाम और पता : ओंकारेश्वर शिवमंदिर ट्रस्ट गंगौटी, बासापारा खास गंगोटी मार्ग जिला-सरगुजा (छ. ग.)

(2) लोक न्यास की संपत्ति का विवरण : ग्राम गंगौटी, रा. नि. मं. भैयाथान स्थित भूमि

ख. नं.	रकबा
20	0.09 आरे
19/2	0.01 आरे
2 प्लाट	0.10 आरे

अनुविभागीय अधिकारी
एवं पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2005.